**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 08.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

गिरिडीह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन की स्थिति को बेहद खराब बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना ठेकेदारी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और झारखंड इस मिशन में देशभर में नीचे से दूसरे स्थान पर है। उन्होंने गिरिडीह की बदहाल सड़कों और ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर भी राज्य सरकार की आलोचना की।

********************

गिरिडीह में दिशा की बैठक शुरू हो गई है, जिसमें विकास कार्यों की समीक्षा की जा रही है। बैठक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य मंत्री सुदिव्य कुमार और सांसद सरफराज अहमद का स्वागत डीसी राम निवास यादव ने किया।

********************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीवी रमन भवन के आर्यभट्ट सभागार में डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, रांची के सहयोग से संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. इंतेखाबुर रहमान ने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर की सहायता से डेटा विश्लेषण की तकनीकी जानकारी साझा की। कार्यशाला में राज्य भर के विभिन्न महाविद्यालयों से आए 162 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

********************

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज साहिबगंज में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बोरियो विधानसभा क्षेत्र के तहत बोरियो प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 68 से 100 तक के ब्लॉक लेवल अधिकारियों के लिए आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुगठित तरीके से संपन्न कराने हेतु बीएलओ को तकनीकी एवं प्रक्रियागत जानकारी देना था।

********************

जमशेदपुर में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज हो गया है। साकची गोलचक्कर पर छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया छात्रों का कहना है कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद करने से उनके भविष्य पर गंभीर असर पड़ेगा। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

********************

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रावणी मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है।

********************

पूर्व रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन, मालपहाड़ी क्वायरी, लोटामारा साइडिंग और यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन की साफ–सफाई और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

********************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर से करीब 10 लाख रुपये के जेवरात, 20 हजार नकद और एक कार की चोरी की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

********************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य  के दक्षिण–पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। अगले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं, साथ ही कुछ जगहों पर तेज़ हवा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी दी गई है।

*********समाप्त*********